MICRO TEACHING
मुख्य शिक्षण कौशल

मुख्य शिक्षण कौशलों का विवरण इस प्रकार है –

1. पाठ प्रस्तावना कौशल (Skill of Introducing the Lesson).

2. व्याख्या कौशल (Skill of Explaining).

3. दृष्टांत कौशल (Skill of Illustrating with Examples).

4. उद्दीपक परिवर्तन कौशल (Skill of Stimulus Variation)

5. प्रश्न कौशल (Skill of Questioning)

By

Dr. Asha Kumari Gupta

Asha Kumari Gupta

Scanned with CamScanner

प्रश्न करने की विधि
(METHOD OF ASKING QUESTIONS)

अध्यापक को शिक्षण - अधिगम परिस्थितियों में प्रश्न पूछने समय इन बिन्दुओं पर ध्यान देना चाहिए —

1. प्रश्न पूछते समय अध्यापक की आवाज स्पष्ट और इतनी ऊंची होनी चाहिए कि सभी छात्र उसे सुन सकें।

2. प्रश्न पूछने की गति न तो बहुत धीमी और न ही बहुत तेज होनी चाहिए।

3. अध्यापक को कक्षा में पहले प्रश्न पूछना चाहिए और छात्रों को उत्तर देने के लिए बाद में कहना चाहिए।

4. प्रश्नों का उत्तर सोचने के लिए छात्रों को पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। समय प्रश्नों के अनुसार दिया जाना चाहिए।

5. प्रश्न पूछते समय अध्यापक की मुख - मुद्रा एवं भाव-भंगिमा सकारात्मक एवं सहयोगात्मक होनी चाहिए।

6. प्रश्नों का कक्षा के सभी छात्रों में समान रूप से वितरण होना चाहिए।

7. प्रश्न को तब तक नहीं दोहराना चाहिए जब तक अध्यापक को पूर्ण विश्वास न हो कि प्रश्न छात्रों की समझ में नहीं आया।

8. जहाँ तक सम्भव हो, 'क्या कोई यह बता सकता है?' जैसी शैली का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

9. प्रश्न पूछते समय किसी भी छात्र की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए और न ही किसी एक छात्र से बहुत अधिक प्रश्न पूछने चाहिए।

10. प्रश्न छात्रों के बौद्धिक स्तर के अनुसार करने चाहिए।

Asha Kumari Gupta

Scanned with CamScanner